Title: Need to direct the State Government of Maharashtra for the payment of surpluses at the rate of Rs. 1500 per hectare on sugarcane.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, महाराष्ट्र में सरप्लस गन्ना बहुत ज्यादा है और महाराष्ट्र सरकार ने 1500 रुपये प्रति हैक्टेयर सरप्लस गन्ने पर देने का वायदा किया था लेकिन उसका भुगतान आज तक नहीं हुआ है। किसान लोग वहां धरने पर बैठे हैं और इसके विरोध में मोर्चा भी निकाल रहे हैं। मेरे क्षेत्र परभनी में ही एक लाख हैक्टेयर से अधिक गन्ना सरप्लस है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह इस सरप्लस गन्ने के भुगतान के लिए महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दे और अगर महाराष्ट्र सरकार के पास पैसा नहीं है तो केन्द्र सरकार महाराष्ट्र सरकार की पैसा देकर मदद करे, जिससे गन्ना किसानों को पैसा मिल सके।